एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर

चर्चा में क्यों?

नवरत्न कंपनी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (Bharat Electronics Ltd-BEL) ने एक नए उत्पाद, एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर (Atmospheric Water Generator-AWG) का एयरो इंडिया 2019 कार्यक्रम में अनावरण किया है।

प्रमुख बिंदु

- एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर दुनिया में पेयजल की बढ़ती हुई ज़रूरत को पूरा करने हेतु एक नया समाधान उपलब्ध कराएगा।
- वायुमंडल में मौजूद नमी से जल निकालने के लिये एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर का उपयोग किया जा सकता है।

AWG की कार्य प्रणाली

- वॉटर जनरेटर वायुमंडल में मौजूद नमी से जल निकालने और इसे शुद्ध करने के लिये नवीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है।
- यह वायुंडल की नमी को संघनित करते हुए शुद्ध, सुरक्षित और स्वच्छ पीने योग्य पानी बनाने के लिये उष्मा विनिमय का प्रयोग करता है।
- इसमें एक मिनिरलाइज़ेशन यूनिट भी लगी है जो पानी को पीने योग्य बनाने के लिये उसमें खनिज मिलाती है।
- एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर को गतिशील वाहनों में भी लगाया जा सकता है।
- एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर (AWG) 30 लीटर/दिन, 100 लीटर/दिन, 500 लीटर/दिन और 1,000 लीटर/दिन तक जल उपलब्ध करा सकता है।

AWG का निर्माण

- एटमोस्फेरिक वॉटर जनरेटर (AWG) का निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा CSIR-IICT और MAITHRI (हैदराबाद स्थित एक स्टार्ट-अप कंपनी) के सहयोग से किया जा रहा है।
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड स्टार्ट-अप इंडिया पहल के एक हिस्से के रूप में स्टार्ट-अप कंपनियों को सहायता प्रदान कर रही है।

स्रोत- पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/atmospheric-water-generator